सार-समाचार

मेला आज, स्वांग रचेगी महिलाएं

जोधपुर, (कासं) । अखण्ड सौभाग्य, सुहाग व महिला सशक्तिकरण से जुड़ा धींगा गवर मेला रविवार रात श्रद्धा, उल्लास, उमंग व मस्ती के साथ मनाया जाएगा। रविवार की पूरी रात भीतरी शहर की सड़कों पर महिलाओं का ही राज होगा। इस मेले के लिए इन दिनों तीजणियों का पूजन अंतिम दौर में है। शनिवार को शहर के अलग-अलग मोहल्लों में पूजन किया गया। वहीं धींगा गवर मेले में अलग-अलग रूप धरने की तैयारियां भी शुरू हो गई है। पूजन के 15वें दिन आज तीजणियां पदमसर और रानीसर तालाब से लोटियां भरकर लाई इसके साथ ही भीतरी शहर में एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर मेले के दिन गवर बैठाने के लिए भी तैयारियां जोरों पर है। सूर्यनगरी में धींगा गवर उत्सव की रंगत परवान पर है। आज तीजणियां ढोल-नगाड़ों के साथ सरोवरों से लोटियां लेकर आई। रविवार रात को महिलाओं को समर्पित अनूठा आयोजन होगा, जिसमें वे गली-मोहल्लों और बाजारों में गवर माता के दर्शन के लिए निकलेंगी। महिलाएं अलग-अलग स्वांग रचकर उत्सव में भाग लेंगी। कोई गवर तो कोई ईसर का रूप धारण करेगी। हाथी चौक, चाचा की गली और ब्रह्मपुरी में धींगा गवर उत्सव का आयोजन होगा। इस दौरान एक शाम तीजणियों के नाम भजन संध्या भी होगी। हाथी चौक विकास समिति के मेला संयोजक हरीश जोशी ने बताया कि तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गवर माता का स्वर्णाभूषणों से शृंगार कर विराजित किया जाएगा। श्रीमाली ब्राह्मण समाज की ओर से भागीपोल ब्रह्मपुरी में मेला होगा। यहां तीजणियां गवर माता के गीत प्रस्तुत करेंगी और सजी-धजी प्रतिभागियों का सम्मान किया जाएगा। अध्यक्ष महेंद्र बोहरा व सचिव नरेंद्र राज बोहरा ने बताया कि सुरक्षा के लिए वॉलियंटर तैनात किए जाएंगे।

संस्कृत भारती फलोदी की बैठक हुई

फलोदी, (कासं)। संस्कृत भारती फलोदी जिला ईकाई की बैठक डॉ हेडगेवार भवन में शुक्रवार को सम्पन्न हुई । इस बैठक में संस्कृत भारती के गत वर्ष के कार्य की समीक्षा की गई तथा आगामी वर्ष की योजना का निर्माण किया गया। जिला मन्त्री मोती लाल सांखी ने प्रथम सत्र में पिछले साल हुए कार्यों का संख्यायत्मक विवरण प्रस्तुत किया तथा संगठन कार्य के दृढिकरण व कार्यकर्ता विकास के लिए विभिन्न आयामों पर चर्चा की गई। संस्कृत भारती जोधपुर प्रान्त के प्रान्त गीता शिक्षण केन्द्र प्रमुख लीलाधर कुमावत का इस बैठक में प्रवास रहा। उन्हाँने आगामी योजना पर प्रकाश डाला व वार्षिक पंचाग का वाचन किया गया। भाषा बोधन वर्ग , सरलसंस्कृत परीक्षा , संस्कृत सप्ताह , प्रशिक्षण वर्ग सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस बैठक में जिला अध्यक्ष सवाई सिंह राजपुरोहित द्वारा नवीन सत्र के लिए जिला कार्यकारिणी व सभी विकासखण्ड स्तर पर अध्यक्ष मंत्री व संयोजक की घोषणा की गई। बैठक के अंत में जिलाध्यक्ष सवाईसिंह राजपुरोहित ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को विकास खण्ड व ग्राम स्तर पर ले जाने की आवश्यकता है , संस्कृत भारत की मूल आत्मा है अत: संस्कृत को जन जन तक पहुँचना अत्यंत जरूरी है । फलोदी जिले में संस्कृत भारती का कार्य उच्चतम स्तर पर पहुचे ऐसा प्रयत्न सभी को करना होगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मदारा चौधरी , जिला सह मन्त्री पृथ्वी सिंह सिसोदिया , प्रशिक्षण प्रमुख राजेन्द्र कुमार ,नगर मन्त्री दीनदयाल जोशी , जसराज चौहान , खुमाणाराम देवासी , ओम सिंह , इम्मीलाल विश्नोई , जगदीश रंगा , प्रेमप्रकाश सुथार, एकलव्य आदि उपस्थित रहे।

कुमटाल दुर्ग की तलहटी में बनेगा पैनोरमा

बालोतरा, (निसं)। सिवाना के समृद्ध इतिहास और गौरवशाली विरासत को संरक्षित एवं प्रदर्शित करने की दिशा में राजस्थान सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। इसी क्रम में राज्य के कैबिनेट मंत्री ओंकार सिंह लखावत ने सिवाना का दौरा कर प्रस्तावित पैनोरमा स्थल का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान मंत्री ओंकार सिंह लखावत ने कुमटाल दुर्ग की तलहटी में प्रस्तावित पैनोरमा निर्माण की संभावनाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने परियोजना को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने पर विशेष जोर देते हुए प्रारंभिक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर सिवाना के ऐतिहासिक महत्व, पर्यटन की अपार संभावनाओं और क्षेत्रीय विकास को ध्यान में रखते हुए विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। मंत्री लखावत ने कहा कि पैनोरमा निर्माण से न केवल सिवाना के इतिहास को नई पहचान मिलेगी, बल्कि पर्यटन को भी बढावा मिलेगा, जिससे स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना से जुडे सभी पहलुओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि सिवाना की ऐतिहासिक विरासत को सहेजने का यह प्रयास जल्द ही धरातल पर नजर आए।

महफिल-ए-मिलाद में झूमे अकीदतमंद

जालोर,(कासं)। जालोर शहर के तकिया स्थित हजरत मखदूम मियां मोटन शाह का सालाना उर्स शानो-शौकत और अकीदत के साथ मनाया गया। उर्स के उपलक्ष्य में गुरुवार रात्रि को महफिल-ए-मिलाद का आयोजन किया गया, जिसमें बडी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। उर्स कमेटी के अनुसार, बाद नमाज-ए-असर दारुल उलूम फैजाने मियां मोटन शाह से अकीदतमंदों के साथ जुलूस रवाना हुआ, जो दरगाह शरीफ पहुंचा। यहां चादर पेश करने की रस्म अदा की गई और देश में अमन-चैन, भाईचारे तथा सभी की भलाई की दुआएं मांगी गई। बाद नमाज-ए-ईशा मिलाद शरीफ का आगाज हुआ। इस मौके पर हिन्दुस्तान के मशहूर सूफी संत एवं नातख्वां, किछोछा शरीफ से नबीरा-ए-आजम-ए-हिंद हजरत सैय्यद मोहम्मद समदानी मियां (नागपुर, महाराष्ट्र) ने रूहानी तकरीर करते हुए जायरीनों के ईमान को ताजा किया। वहीं नातख्वां सुल्तान रजा तथा गुजरात से हजरत पीर सैय्यद सोहेल बापू और सैय्यद पीर मोइनुद्दीन कादरी साहब सहित कई सूफी संतों ने अपने कलाम पेश कर महफिल को नूरानी बना दिया। उर्स में जालोर जिले सहित आसपास के विभिन्न जिलों से मोयला समाज एवं बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचे और देश में अमन, चैन और भाईचारे की दुआएं मांगी।

सीवरेज लाइन का पानी सड़कों पर बहा

जोधपुर, (कासं) । शहर के कबीर नगर बी सेक्टर (माली समाज श्मशान वाली गली) में पिछले 3-4 महीनों से सीवरेज लाइन का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे क्षेत्र के हालात बेहद बदतर हो गए हैं। लोगों का आना-जाना मुस्किल हो गया है। इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय निवासी नूर मोहम्मद ने जिला कलैक्टर एवं नगर निगम प्रशासक को शिकायत पत्र भेजकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, सीवरेज का दूषित पानी पूरे क्षेत्र में फैलकर कबीर नगर टैम्पो स्टैंड तक पहुंच रहा है, जिससे बदबू, कीचड़, मच्छरों का प्रकोप और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि कॉलोनीवासियों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है, वहीं श्मशान तक शव ले जाने में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नूर मोहम्मद ने बताया कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि बार-बार सामने आती रही है, लेकिन नगर निगम की ओर से केवल औपचारिक कार्रवाई कर मामले को टाल दिया जाता है।

भटाना के दो विद्यालय में वाटर कूलर दिए

रेवदर, (नि.सं.। भटाना के दोनों सरकारी विद्यालय में भामाशाह परिवार की तरफ से स्व. श्रीमती रंजन देवी धर्मपत्नी महेन्द्र कुमार मुथा जैन की पुण्य स्मृति में शाह रामचन्द्र माना मुथा जैन परिवार की ओर से दो बड़े वाटर कूलर भेंट किए गए। इसका उद्घाटन दीक्षा ले रहे 10 वर्षीय बालक मुमुक्षु निर्मय कुमार जैन के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य कमल कुमार गुर्जर ने समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों की ओर से भामाशाह महेंद्र कुमार मुथा (जैन)का खूब खूब धन्यवाद और आभार प्रकट किया। समारोह में भामाशाह महेंद्र कुमार मुथा, ललित जैन, मोहन, इंद्रमल, मुकेश कुमार जैन, जैन संघ भटाणा के सदस्य भामाशाह प्रेरक परबत सिंह ग्राम पंचायत प्रसासक भवानी सिंह, ताराचंद पुरोहित, अमृत भाई पुरोहित सहित कई जने मौजूद रहे।

सात दिवसीय कार्यक्रमों का समापन आज

जोधपुर, (कासं) । श्री महावीर जैन नवयुवक मण्डल एवं भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति की ओर से तीर्थंकर भगवान महावीर के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव का समापन समारोह 5 अप्रेल को होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार समिति अध्यक्ष बलवंत खिंवसरा ने बताया कि कार्यक्रमों की तीर्थंकर भगवान महावीर के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव 25 मार्च से शुरू हुआ था। कार्यक्रम की श्रृंखला के अंतिम दिन आज रविवार 5 अप्रेल को समापन एवं सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया है।

बारिश से फसलों के नुकसान का आंकलन करें : पी.पी. चौधरी

पाली, (नि.सं.)। जिला परिषद् पाली के सभागार में पाली सांसद और एक राष्ट्र, एक चुनाव जेपीसी के अध्यक्ष पीपी चौधरी चौधरी ने दिशा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने जिले में हुई असमय बारिश से किसानों की बर्बाद हुई फसल की जानकारी लेने के साथ अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए।

सांसद ने कहा कहा कि किसानों का हित हमारी डंबल इंजन सरकार की प्राथमिकता है। ऐसे में बारिश के कारण फसलों को हुए नुकसान का त्वरित आंकलन कर राहत पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि राजस्व, कृषि विभाग व बीमा कंपनी फसल नुकसान का तत्काल आंकलन कराएं। संयुक्त सर्वे कराकर फसल नुकसान की स्थिति से शासन को अवगत कराएं, जिससे किसानों का तत्काल मुआवजा दिलाया जा सके।

उन्होंने अधिकारी को फील्ड में रहकर स्थिति का जायजा लेने और प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का वास्तविक आंकलन कराने का निर्देश भी दिया, जिससे किसानों को समय पर उचित सहायता मिल सके। वहीं बैठक में सांसद चौधरी ने पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय की विभागवार जानकारी ली। उन्होंने नगर परिषद, पीडब्लूडी, नेशनल हाइवे, पीएचईडी, वनविभाग, कृषि विभाग, जिला परिषद, सिंचाई, खनिज, चिकित्सा, बिजली और रोजगार से संबंधित कार्य और मुद्दों पर अपनी बात रखते हुए विस्तार से एक-एक बिंदु पर चर्चा की।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि दिशा बैठक के दौरान जो निर्देश दिए जाते हैं, उनकी 15 दिवस के अंदर पालना की जाए और रिपोर्ट आवश्यक रूप से भिजवाई जाए, जिससे बैठक की सार्थकता हो सके तथा आमजन को केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का समय पर लाभ मिल सके। सांसद चौधरी ने बैठक में उपस्थित पाली एसपी मोनिका सेन को कराड़ी हत्याकांड में लिप्त अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ने हेतु निर्देशित किया। घटनाक्रम के चार दिन भी अपराधी पुलिस की पकड़ से दूर है, इसको लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। सांसद चौधरी ने राजकीय मेडिकल कॉलेज पाली में हुए निर्माण कार्यों में घटिया सामठी के उपयोग का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों का निर्देश दिया कि इस प्रकरण की सही जांच करते हुए दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जावें। जिले में टेंडर और वर्क ऑर्डर जारी होने के बावजूद विभिन्न निर्माण कार्य शुरू नहीं करने पर सांसद ने कठोर रुख अपनाते हुए अधिकारियों को सख्त हिदायत दी। लापरवाही के कारण काम में देरी होने पर न केवल आमजन को भुगतना पड़ता है, साथ ही जनप्रतिनिधियों की प्रतिष्ठा को भी गहरा धक्का लगता है। उन्होंने जिला कलेक्टर डॉ. रवीन्द्र गोस्वामी को निर्देशित किया कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करें, ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करें और अनुबंधित राशि राजसात करने जैसे कठोर निर्णय लेने को कहा, ताकि विकास कार्य समय पर पूरे हो सकें।

सांसद चौधरी ने पर्यावरण एवं प्रदुषण नियंत्रण विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल खड़ा किया। उन्होंने बताया कि पाली शहर के सीईटीपी को पाली औघोगिक कचरे को साफ करने की जिम्मेदारी दी गई थी, उनमें एक यूनिट पिछले कई महिनों से बंद था। इसके बावजूद कागजों में सब सामान्य दिखाया गया है। इस तरह की ढुलमुल कार्यशैली कत्तई स्वीकार्य नहीं है। इसके अलावा सांसद चौधरी ने गर्मी और आगामी बारिश मौसम के अनुसार मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं मूलभूत सुविधाओं के सुचारू प्रबंधन के लिए संबंधित विभाग यथा चिकित्सा, विद्युत, जलदाय आदि की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। आमजन को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, यहीं हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए।

बैठक में सासंद चौधरी के अलावा कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, मारवाड़ जंक्शन विधायक केसाराम चौधरी, सोजत विधायक शोभा चौहान, पाली विधायक भीमराज भाटी सहित कई जने उपस्थित रहे।

एस.आई. भर्ती परीक्षा आज से, तैयारियां पूरी

जोधपुर, (कासं) । आरपीएससी की ओर से सब इंस्पेक्टर भर्ती-2025 की परीक्षा 5 और 6 अप्रैल को आयोजित होगी। एसआई भर्ती परीक्षा को लेकर राजस्थान पुलिस सहित सभी एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं।

एसओजी की ओर से फर्जीवाड़ा व नकल रोकने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है। इस बार प्रश्न पत्र लीक होने, ब्ल्यू टूथ डिवाइस से नकल व डमी कैंडीडेट रोकने के लिए एसओजी की ओर से सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

एडीजी (एसओजी) विशाल बंसल ने आदेश दिए हैं कि किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना देने वाले व्यक्ति को एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। पेपर लीक और नकल गिरोह से जुड़े सभी बदमाशों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय से एक एसओपी भी जारी की गई है। परीक्षा के दौरान एग्जाम सेंटर्स के आसपास सौ मीटर के दायरे में संचालित ई मित्र, फोटो कॉपी की शॉप और साइबर कैफे बंद रहेंगे।

सादावर्दी में तैनात जवानों की ओर से सभी संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी।

परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त फोर्स तैनात होगी। अनैतिक गतिविधियों, डमी अभ्यर्थियों के प्रवेश और संदिग्ध तत्वों को रोकने के लिए जिला कलेक्टर और एसपी के समन्वय से विशेष निगरानी रहेगी। प्रत्येक केंद्र पर वीडियो रिकॉर्डिंग होगी। आपराधिक तत्वों पर निगरानी के लिए पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों व आसपास की गतिविधियों पर निगरानी रखेगी।

41 शहरों में 1174 परीक्षा केंद्र

सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के लिए राज्य के 41 शहरों में 1174 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। परीक्षा में 7.70 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे।

परीक्षा में दोनों दिन सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक सामान्य हिंदी और दोपहर 3 से 5 बजे तक जनरल नॉलेज एंड जनरल साइंस के प्रश्न-पत्र का आयोजन किया जाएगा।

जोधपुर में नए जिला कलैक्टर आलोक रंजन ने संभाला कार्य

जोधपुर, (कासं) । भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी आलोक रंजन ने शनिवार सुबह जोधपुर के जिला कलैक्टर के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने मीडिया से संवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं प्रमुख कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले के समग्र विकास को गति प्रदान की जाएगी।

उन्होंने राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी पंच गौरव कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम जिले के संतुलित एवं समावेशी विकास का आधार बनेगा। आमजन को योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

पदभार ग्रहण के पश्चात उन्होने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ प्रथम बैठक आयोजित कर प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने समयबद्ध कार्य निष्पादन, उत्तरदायित्व निर्धारण तथा समन्वित टीमवर्क पर बल देते हुए अधिकारियों को लक्ष्य-उन्मुख कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य किया जाए।

बैठक में रंजन ने बजट घोषणाओं की प्रगति, जनसुनवाई तंत्र की प्रभावशीलता, आधारभूत अवसंरचना जैसे सड़क, पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था के सुदृढीकरण, नहरबंदी प्रबंधन, स्वास्थ्य तथा शैक्षिणक व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

बैठक में जेडीए आयुक्त उत्साह चौधरी, सीईओ जिला परिषद आशीष कुमार मिश्रा, एडीएम (प्रथम) जवाहर चौधरी, एडीएम (द्वितीय) सुरेंद्र राजपुरोहित, एडीएम (शहर-द्वितीय) एवं एसडीएम (उत्तर) प्रीतम कुमार, एसडीएम बालेसर मोहनलाल, एडीएम (शहर-प्रथम) अंजुम ताहिर सम्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

व्यवस्थाओं में सुधार व जनसेवा को प्राथमिकता के निर्देश

जोधपुर जिला कलैक्टर आलोक रंजन ने शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों एवं शाखाओं का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने न्यायालय सहायक कलैक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रैक), न्यायालय अपर जिला कलैक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट (द्वितीय), न्यायालय सहायक कलैक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट (उत्तर), नागरिक सुरक्षा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सैशन न्यायाधीश, जोधपुर महानगर), जिला अभिलेख शाखा, राजस्व लेखा शाखा, संस्थापन शाखा तथा सामान्य शाखा सहित विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अभिलेखों के संधारण, लंबित प्रकरणों की स्थिति, कार्यालयीन कार्यप्रणाली तथा आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का जायजा लिया।

इस दौरान सीईओ जिला परिषद आशीष कुमार मिश्रा, एडीएम (प्रथम) जवाहर चौधरी, एडीएम (द्वितीय) सुरेंद्र राजपुरोहित, एडीएम (शहर द्वितीय) एवं एसडीएम (उत्तर) प्रीतम कुमार, एसडीएम बालेसर मोहनलाल, एडीएम (शहर प्रथम) अंजुम ताहिर सम्मा, सहायक कलेक्टर मधुलिका सींगर सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

राजेंद्र कुमार को जल योद्धा सम्मान,

फलोदी, (कासं)। राजेंद्र कुमार को जल योद्धा सम्मान 28 मार्च 2026 को बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग में रविशंकर गुरु द्वारा प्रदान किया गया।

राजेंद्र कुमार को यह पुरस्कार 1987 से ग्रामीण विकास विज्ञान समिति (ग्राविविस) के माध्यम से थार रेगिस्तान में जल संरक्षण और जलवायु परिवर्तन संबंधी कार्यों में उनके योगदान के लिए दिया गया है। वे जल सुरक्षा, खाद्य एवं चारा सुरक्षा के लिए पारंपरिक जल संचयन तकनीकों में नवाचार के साथ जन विज्ञान को बढावा दे रहे हैं और कम जल खपत वाली प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को अपना रहे हैं। जल योद्धा सम्मान 2025 का आयोजन सरकारिटेल डॉट द्वारा किया गया और इसकी मेजबानी आर्ट ऑफ लिविंग, बेंगलुरु द्वारा की गई। नीति आयोग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय और महाराष्ट्र सरकार (भागीदार राज्य) के सहयोग से आयोजित किया गया। ज्ञान भागीदार एसोचैम, आईआईटी राउरकी और व्हील्स ग्लोबल फाउंडेशन हैं। देश भागीदार इजराइल और फिनलैंड हैं। राजेंद्र कुमार को सम्मानित करने पर जांबा महंत भगवानदास,पूर्व उप प्रधान जगदीश पालीवाल,कुंभसिंह पातावत, भूराराम देवासी, श्रीकांत भारद्वाज,सुरेन्द्र रतनू ने खुशी जाहिर करते बधाई दी है।

जैसलमेर में दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान, शिविर संपन्न

जैसलमेर, (नि.सं.)। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत शहर मंडल के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को समापन हुआ।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री डॉ. मिथलेश गौतम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और वर्ष 2047 तक भारत विश्व की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित होगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने से पूर्व राम मंदिर निर्माण, धारा 370 समाप्ति तथा गरीब कल्याण जैसे जो वादे किए थे, उन्हें पूर्ण किया है। आज भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में लगातार ऊंचाई हासिल कर रहा है। उन्होंने पूर्व और वर्तमान सरकारों की तुलना करते हुए कहा कि जहां पहले सैनिकों के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं थे, वहीं आज भारत रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर होकर निर्यात भी कर रहा है।

डॉ. गौतम ने प्रशिक्षण शिविर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सोशल मीडिया के इस युग में फैलाए जा रहे भ्रामक प्रचार का प्रभावी जवाब देना आवश्यक है, तभी इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सफल होगा।

कार्यक्रम में जिला संगठन प्रभारी श्रवण सिंह राव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक साख बढ़ी है, जिसका प्रभाव देश की आर्थिक स्थिरता में भी दिखाई देता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर को मजबूत करने का आहवान करते हुए कहा, बूथ मजबूत-पार्टी मजबूत, बूथ जीता-चुनाव जीता।

इससे पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दलपत हिंगड़ा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि संगठन का मूल उद्देश्य आपसी समन्वय और सामूहिक कार्य संस्कृति को सुदृढ करना है, जिससे सफलता सुनिश्चित होती है।

जिला मीडिया प्रभारी बाबू लाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दो दिवसीय शिविर में 100 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। शिविर के सफल आयोजन में डॉ. जितेंद्रसिंह ,चंद्र प्रकाश सारदा प्रदेश आमंत्रित सदस्य, करुणा कंवर,कमलकिशोर ओझा, पवनकुमार सिंह, कंवराज सिंह चौहान, प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी महेंद्र तंवर, नगर अध्यक्ष अरुण पुरोहित, जितेंद्र भूतड़ा, गजेंद्र सिंह सोलंकी एवं लूण सिंह राजपुरोहित का विशेष योगदान रहा।

राजपुरोहित का स्वागत किया

जालोर, (कासं)। हिन्दू युवा संगठन संस्था कार्यालय में प्रथम बार पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित का स्मृति चिन्ह भेंट कर संस्था की ओर से भव्य एवं आत्मीय स्वागत-अभिनंदन किया गया।

संस्था के संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने बताया कि राजपुरोहित के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा प्राप्त हुई है। जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने सम्मान अभिनंदन के लिए संस्था के प्रति आभार जताया। इस दौरान गजेन्द्रसिंह सिसोदिया, रवि सोलंकी, दिनेश महावर, मुकेश राजपुरोहित, महेंद्र मुनौत,ओबाराम देवासी, हरीश चंद्र राणावत, प्रेमाराम देवासी, जोगेश सैन, रवि सुथार सहित कई जने उपस्थित रहे।

जालोर के खिलाड़ी राष्ट्रीय बॉक्सिंग के लिए रवाना

जालोर,. (कासं)। राजस्थान की जूनियर बॉयज एवं गर्ल्स बॉक्सिंग टीम आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नागपुर के लिए रवाना हुए।

पंच गौरव योजना के बॉक्सिंग सहायक प्रशिक्षक ओमप्रकाश गर्ग ने जानकारी देते हुए बाताया कि प्रतियोगिता 5 से 11 अप्रैल तक डिविजनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स नागपुर में आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर के प्रतिभाशाली मुक्केबाज अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। राज्य के होनहार खिलाडी इस प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। टीम का चयन हाल ही में आयोजित राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के आधार पर किया गया है, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को टीम में स्थान दिया गया। जिसमें जालोर की खुशी का 63-66 किलोग्राम भार वर्ग में चयन हुआ हैं। इस अवसर पर राजस्थान बॉक्सिंग संघ के महासचिव नरेन्द्र निर्वाण, अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह एवं अंतर्राष्ट्रीय रेफरी विशाल निर्वाण ने खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि टीम में प्रतिभाशाली खिलाडियों का समावेश है, जो राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम हैं।

टीम के कोच पुष्पेंद्र परमार, विजय प्रताप सिंह, नरपत सिंह चुण्डावत एवं विजेंद्र रंगा,मनीषा चाहर ने भी खिलाडियों पर विश्वास जताते हुए कहा कि इस बार राजस्थान की टीम पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन करेगी। टीम के रवाना होने के दौरान खिलाडियों एवं खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। सभी को उम्मीद है कि राजस्थान के मुक्केबाज राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश को गौरवान्वित करेंगे।

'यादों का मौसम' का लोकार्पण 12 को

जोधपुर, (कासं) । प्रसिद्ध कवयित्री पूजा अग्रवाल के कविता संग्रह यादों का मौसम का लोकार्पण 12 अप्रैल, रविवार को अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद के तत्वावधान में चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित लव- कुश सभागार में शाम पांच बजे होगा। अध्यक्षता वरिष्ठ लेखिका डॉ. पद्मजा शर्मा करेंगी ,जबकि मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवयित्री डॉ. नीना छिब्बर तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. तृप्ति गोस्वामी होंगी। कार्यक्रम का संचालन युवा कवयित्री अमिता भंडारी करेंगी।

सुरक्षा बंधन बांधने का संकल्प

गुड़ामालानी, (निसं)। इंडियन रुरल डेवलपमेंट एंड अवेयरनेस सोसायटी के महेंद्र सिंह पुत्र जसवंत सिंह राठौड तारातरा जसवंत भवन, रॉय कॉलोनी रोड बाड़मेर ने जीव रक्षा सुरक्षा को लेकर एक लाख सुरक्षा बंधन बांधने का लक्ष्य के संकल्प के साथ संस्था के तत्वावधान मे सुरक्षा बंधन यात्रा का आगाज किया।

यात्रा टीम में हठेसिंह रामदेरिया, ओमसिंह बाडमेर आगोर, मुकेश सोनी, अजय नाथ गोस्वामी, जिला कॉर्डिनेटर किशोर सिंह, डॉ रावताराम भाखर, मुल्तान सिंह महाबार, बालाराम सुवाड़ा,जबरसिंह तारातरा, सिद्धराज सिंह तारातरा, भोपाल सिंह सोढा, हैय्यात खान, रामसिंह मीठडा, पुखराज चौधरी, सोहन सिंह मिठडा, अवतार सिंह तारातरा अविष्कार जैसिंधर, सुखदेव माली, डूंगराराम माली, जितेंद्र सोनी, हरीश डोगीयल, अनिल चौधरी आदि साथ रहे।

भामाशाह महेंद्र सिंह राठौड तारातरा ने बताया कि हर रोज सडक दुघर्टनाओं वाहन चालक एवं बेसहारा पशु चोटिल होते रहते ओर कभी कभार जान से हाथ धोना पडता है । ऐसे दुर्घटनाओं में कमी आए इसको लेकर सुरक्षा बंधन यात्रा के तहत शहर शहर गांव गांव की यात्रा के दौरान सैकडों रिफ्लेक्टिव बेल्ट पशुओं के गलों में बांधे गए एवं आमजन को वितरित किए गए। जिससे रात्रि में सडक पर पशुओं की दृश्यता बढे और दुर्घटनाओं में कमी आए। आमजन को सडक सुरक्षा यातायात नियमों की पालना कों लेकर शपथ भी दिलाई जा रही है। शनिवार को सुरक्षा बंधन यात्रा रथ टीम गुडामालानी पहुंची। स्थानीय लोगों के सहयोग से पशुओं के गले में रिफ्लेक्टिव बेल्ट बांधे गए ।

अज अदालत : न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय, जालोर (राजस्थान)
नोटिस तारीख पेशी

पारिवारिक विवाद मूल प्रकरण संख्या-138/25
तारीख पेशी - 11.05.2026
प्रार्थीया : शैतान सिंह पुत्र गोबर सिंह उम्र 34 वर्ष, जाति राजपूत, निवासी/ग्राम-सराणा, पुलिस थाना नोसरा, तहसील आहोर, जिला जालोर राजस्थान
बनाम
अप्रार्थी - श्रीमती कुसुम कंवर पत्नी शैतानसिंह पुत्री गुलाबसिंह, जाति रावणा राजपूत निवासी समदडी रोड गांधीपुरा, बालोतरा, तहसील व जिला बालोतरा, राजस्थान।
प्रार्थी शैतानसिंह ने अप्रार्थी श्रीमती कुसुम कंवर के विरूद्ध इस न्यायालय में विवाह विच्छेद की डिक्री प्राप्त किये जाने हतु प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा-13 हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के पेश किया है। अतः अप्रार्थी शैतान सिंह को जरिये इस नोटिस से सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के उपरोक्त प्रार्